भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2674
गुरुवार, दिनांक 16 मार्च, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>हाइड्रोजन मिशन के तहत पहचानी गई रिफाइनरियाँ</u>

2674. श्री गिरीश भालचन्द्र बापटः
श्री राहुल रमेश शेवालेः
श्री चंद्र शेखर साहूः
डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उन रिफाइनरियों की पहचान की है जो राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, 2023 के तहत हरित हाइड्रोजन परिनियोजन आवश्यकताओं के अनुकूल हैं;

(ख) यदि हाँ, तो महाराष्ट्र और ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2023-24 के दौरान मिशन के प्रथम चरण के तहत रिफाइनरियों द्वारा कवर किए जाने वाले राज्यों के नाम क्या हैं;

(घ) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, 2023 के तहत सरकार का कौन-कौन सी रिफाइनरियों के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव है; और

(ङ) उक्त प्रयोजन के लिए महाराष्ट्र और ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी धनराशि आवंटित और जारी की गई है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ): पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता की स्थापना की रही है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| सीपीएसई | राज्य | ग्रीन हाइड्रोजन क्षमता (किलो टन प्रतिवर्ष) | तक पूरा होना है |
|---|---|---|---|
| आईओसीएल | हरियाणा | 7 | 2025-26 |
| बीपीसीएस | मध्य प्रदेश | 10 | 2030 |
| एचपीसीएल | आन्ध्र प्रदेश | 7.3 | 2025-26 |
| एनआरएल | असम | 5 | 2030 |
| एमआरपीएल | कर्नाटक | 0.5 | 2025 |
| सीपीसीएल | तमिलनाडु | 1.0 | 2026-27 |

(ङ) उक्त उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत अब तक कोई भी निधि आवंटित अथवा जारी नहीं की गई है।

*****